# ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

**एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़** : अग्रवाल कॉलेज में बुधवार को रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ईस्ट व भारतीय चिकित्सक संघ फरीदाबाद के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप की शुरुआत कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसी जितेंद्र यादव रहे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक शूटर मनीष नरवाल को एक लाख 51 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। शिविर में 288 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता, एचएल भूटानी, तरुण गुप्ता, कुलवीर सचदेवा, डॉ. दिनेश गुप्ता, जगजीत सिंह लांबा, डॉ. एमपी सिंह, महेंद्र महतानी मौजूद रहे।